प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय,

दिनांक–18.09.2023 (सं0–407)

बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल द्वारा वर्ष 2023 के माह जनवरी से माह अगस्त तक नक्सल तथा अपराधकर्मियों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में अर्जित उपलब्धियाँ

- माह अगस्त 2023 में एस0टी0एफ0, बिहार के द्वारा कुल 41 मोस्ट वाण्टेड अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी, जिसमें 50 हजार के इनामी 02 अपराधी एवं 25 हजार के इनामी 02 अपराधी शामिल हैं।
- माह जनवरी से माह अगस्त तक बिहार पुलिस की STF के द्वारा अपराधियों, नक्सलियों तथा संगठित अपराध के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की गयी है। फलस्वरूप माह जनवरी से माह अगस्त तक कुल 401 मोस्ट वाण्टेड अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी है, जिसमें 50 हजार के 10 तथा 25 हजार के 03 घोषित इनामी हैं।

क्र0	कार्रवाई	वर्ष 2023 (जनवरी से अगस्त तक)
1	कुल गिरफ्तार मोस्ट वाण्टेड अपराधी	401 (13 घोषित इनामी)
2	गिरफ्तार Top-10/20 अपराधी	88
3	कुल गिरफ्तार नक्सली	19 (01 घोषित इनामी)
4	कुल देशी हथियारों की बरामदगी	183
5	कुल जिन्दा कारतूस की बरामदगी	7588
6	कुल पुलिस हथियारों की बरामदगी	05 (ए0के0 47–03, एस0एल0आर0–01 तथा .303 रायफल–01)
7	कुल डेटोनेटर की बरामदगी	13806

अगस्त माह 2023 में कतिपय महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

- **02 घोषित इनामी 50 हजार रुपये के,**
- **02 घोषित इनामी 25 हजार रुपये के तथा**
- **03 कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारी**

1. 50 हजार रुपये का इनामी एवं कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारीः– 02
   - दिनांक 09.08.2023 को **बिहार एस.टी.एफ.** की विशेष टीम एवं खगड़िया जिला पुलिस के संयुक्त अभियान में खगड़िया जिला का **पचास हजार रुपये का इनामी एवं कुख्यात अपराधी** रणवीर यादव, सा0 सैदपुर, थाना मानसी, जिला खगड़िया को उसके सहयोगियों के साथ **अवैध अग्नेयास्त्र** के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त इनामी अपराधी के विरुद्ध खगड़िया जिला के विभिन्न थानों में हत्या, अपहरण, लूट, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 32 (बतीस) कांड अंकित हैं।

- दिनांक 18.08.2023 को **बिहार एस.टी.एफ.** की विशेष टीम के द्वारा मधुबनी जिला के **पचास हजार रुपये के इनामी एवं कुख्यात वांछित (टॉप–10) अपराधी** संजय यादव, सा0 नवटोल, थाना फुलपरास, जिला मधुबनी को सुपौल जिला के निर्मली थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।

  उल्लेखनीय है कि उक्त अपराधी के विरुद्ध मधुबनी जिला के फुलपरास थाना में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कई काण्ड अंकित हैं।

2. **25 हजार रुपये का इनामी एवं कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारीः–** 02

- दिनांक 05.08.2023 को बिहार एस.टी.एफ. की विशेष टीम के द्वारा खगड़िया जिला के 25 हजार रुपयों के इनामी एवं कुख्यात अपराधी गड्डू कुमार, सा0 श्रीरामपुर ठुठी, थाना–परबत्ता, जिला खगड़िया को गिरफ्तार किया गया।

  उल्लेखनीय है कि उक्त अपराधी के विरुद्ध खगड़िया जिला के परबत्ता थाना में हत्या, अपहरण, लूट, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 11 (ग्यारह) कांड अंकित हैं।

- दिनांक 18.08.2023 को **बिहार एस.टी.एफ.** की विशेष टीम के द्वारा सारण पुलिस के सहयोग से सारण जिला के **25 हजार रुपयों का इनामी एवं कुख्यात वांछित अपराधी** जटा शंकर सिंह उर्फ जटा सिंह, सा0 गोबिंदपुर, थाना तरैया, जिला सारण को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।

  उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अपराधकर्मियों के द्वारा सारण जिला के मढ़ौरा थानान्तर्गत मढ़ौरा बाजार में कर्त्तव्य के दौरान पुलिस अवर निरीक्षक मिथलेश साह एवं सिपाही फारुख आलम की हत्या कर दी गयी थी, जिसमें जटा शंकर सिंह उर्फ जटा सिंह अभियुक्त था।

3. **कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारीः–** 03

- दिनांक 15.08.2023 को **बिहार एस0टी0एफ0** की विशेष टीम एवं गया जिला पुलिस के संयुक्त अभियान में गया जिला के **PLFI नक्सल संगठन** के सक्रिय सदस्य (1) विनोद यादव, थाना–शेरघाटी, जिला–गया, एवं (2) सूर्यदेव यादव, थाना–गुरूआ, जिला–गया को गिरफ्तार किया गया।

- दिनांक 17.08.2023 को **बिहार एस.टी.एफ.** की विशेष टीम के द्वारा लखीसराय जिला के कुख्यात **वांछित नक्सली** मनोज कोड़ा, सा0 घोघरघाटी, थाना कजरा, जिला लखीसराय को लखीसराय जिला के कजरा थानान्तर्गत राजघाट कोल से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।

XXXXX